# डंपर ने कुचला, दंपति और बेटी की मौत

## बेटी को यूपी के जालौन से परीक्षा दिलवाने आया था परिवार

**ग्वालियर, 22 जनवरी. उत्तर प्रदेश के जालौन से बेटी को जेईई की परीक्षा दिलाने आये दंपति और उनकी बेटी को तेज रफ्तार डंपर चालक ने कुचल दिया.**

हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और उनकी 18 वर्षीय बेटी की मौके पर ही मौत हो गई. हादसा गुरुवार को बिजौली थाना क्षेत्र के रतवाई के पास घटा. हादसे का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतकों के शवों को पीएम के लिये भिजवाकर आरोपी डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है. एसडीओपी बेंहट मनीष यादव ने बताया कि डंपर चालक ने बाइक सवार दंपति और उनकी



बेटी को रतवई गांव के पास कुचल दिया. हादसे में 45 वर्षीय किसान चंद्रपाल जाटव, उसकी 40 वर्षीय पत्नी राजश्री जाटव और बेटी 18 वर्षीय अर्पिता जाटव निवासी जालौन यूपी की मौके पर ही मौत हो गई. बताया जाता है कि चंद्रपाल का परिवार उत्तर प्रदेश के जालौन में रहता है और गुरूवार को चंद्रपाल की बेटी अर्पिता का जईई मैन का एग्जाम बीबीएम कालेज में था. बेटी को एग्जाम दिलाने चंद्रपाल ग्वालियर आये थे और उन्होंने अपने एक परिचित आरक्षक प्रदीप, जो कि गिरवाई थाने में पदस्थ है उसकी बाइक ली थी और बाइक पर सवार होकर दंपति व उनकी बेटी कालेज जा रहे थे. कॉलेज की जानकारी नहीं होने के कारण वह जल्दबाजी में रास्ता भटक गये और परीक्षा केन्द्र से 100 मीटर आगे निकल गये.

किसी राहगीर से उन्होंने कॉलेज का पता पूछा और वापस लौटने लगे और जब वह थाने से 100 मीटर दूर थे, तभी तेज रफ्तार डंपर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुये उनकी बाइक में टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही दंपति और उनकी बेटी सड़क पर गिरी और डंपर की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई. हादसे के बाद आरोपी चालक अपना डंपर छोड़कर भाग निकला. मौके पर पहुंची पुलिस ने खाका से भरा हुआ डंपर जब्त कर लिया. हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस भी सकते में आ गई, क्योंकि सड़क पर शव और खून ही खून पड़ा हुआ था. हालत यह थी कि उनके बैग में रखे दस्तावेज भी खून से सन गए थे. मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर जांच शुरू की तो पुलिस को पता चला कि मृतक चंद्रपाल के परिवार में उसकी पत्नी, बेटी और दो बेटे सत्यम व बिट्टू हैं. पति-पत्नी व बेटी की मौत के बाद अब उनके परिवार में सिर्फ दो बेटे बचे हैं. हादसे का पता चलते ही वह ग्वालियर के लिए रवाना हो गए. कुछ साल पहले डंपर की टक्कर से पुरानी छावनी थाना क्षेत्र में एक युवक सहित 13 महिलाओं की मौत हुई थी. इसी तरह कुछ दिन पहले बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में कॉलोनी में सड़क बनाने के लिए मुरम लेकर जा रहे डंपर के पलटने से घर के बाहर बैठे एक बुजुर्ग दब गए थे और उनकी मौत हो गई थी.

# रेप कर मासूम की हत्या करने वाले को फांसी



**हाईकोर्ट ने बरकरार रखा ट्रायल कोर्ट का फैसला**

**जबलपुर, 22 जनवरी. बलात्कार कर पांच वर्षीय मासूम की हत्या के आरोप में हाईकोर्ट ने आरोपी की फांसी की सजा को बराकरार रखा है.**

हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस राज कुमार चौबे की युगलपीठ ने पाया कि आरोपी ने मासूम से बलात्कार करने के बाद उसके प्राइवेट पार्ट में चाकू से हमला किया था. युगलपीठ ने घटना रेयरेस्ट ऑफ़ रेयर केस मानते हुए फांसी की सजा को बरकरार रखा है.

भोपाल के अतुल निहाले ने बलात्कार व हत्या के आरोप में फांसी की सजा को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में अपील दायर की थी. ट्रायल कोर्ट भोपाल ने भी फांसी की सजा की पुष्टि के लिए प्रकरण को हाईकोर्ट भेजा था. अभियोजन के अनुसार नाबालिग लड़की 24 सितंबर, 2024 को शाहजहानाबाद इलाके में अपने चाचा के फ्लैट से निकलने के बाद गायब हो गई थी. बाहर निकलने से पहले, उसने अपनी दादी से कहा कि वह 15 मिनट में वापस आ जाएगी. लेकिन जब लड़की घर नहीं लौटी, तो उसकी दादी ने उसे ढूंढना शुरू कर दिया. जब वह नहीं मिली, तो उसके परिवार वालों ने पुलिस को बताया. पुलिस ने टेक्निकल सर्विलांस का इस्तेमाल किया, और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया. सर्च ऑपरेशन के दौरान, पुलिस

### चेक बाउंस केस : 2.22 लाख जमा करने आदेश

**छिंदवाड़ा.** मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक की जिले की शाखा ईतवारी द्वारा दर्ज कराए गए एक चेक बाउंस मामले में न्यायालय द्वारा ग्राम लोनिया करबल निवासी दयाशंकर पिता चन्दू नागवंशी को एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही आरोपी को बैंक को 2.22 लाख रूपये की राशि जमा करने का आदेश दिया गया है. यदि वह राशि जमा नहीं करता है तो उसे 30 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा. जानकारी के अनुसार आरोपी दयाशंकर पिता चन्दू नागवंशी ने मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा ईतवारी से दिनांक 03.11.2022 को वाहन ऋण हेतु राशि रू. 1,85,000 का ऋण लिया था. बैंक द्वारा ऋण की वसूली की प्रक्रिया शुरू किए जाने पर आरोपी ने शाखा प्रबंधक अखिलेश जैन को रू. 1,75,572 का चेक 26.12.2023 का सौंपा था. जब यह चेक बैंक में जमा किया गया तो खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण चेक बाउंस हो गया. इसके बाद बैंक द्वारा आरोपी को कानूनी नोटिस भेजा गया, जिसका उसने कोई जवाब नहीं दिया और न ही राशि का भुगतान किया. अंतत: बैंक ने आरोपी के विरूद्ध छिंदवाड़ा न्यायालय में धारा 138 एनआई एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कराया. इस प्रकरण में न्यायालय द्वारा दिनांक 15.01.2026 को निर्णय सुनाया गया, जिसमें आरोपी को दोषी मानते हुए एक वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और 2.22 लाख रूपये की वसूली का आदेश पारित किया गया. अधिवक्ता प्रणय नामदेव ने की पैरवी 0000

### डीएनए जांच के आदेश पर हाईकोर्ट की मुहर

हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक जैन की एकलपीठ ने कुटुम्ब न्यायालय जबलपुर के उस आदेश पर अपनी मुहर लगा दी है, जिसमें पति की अर्जी पर नाबालिग बच्ची का डीएनए टेस्ट कराने की अनुमति चाही थी. पति ने यह डीएनए जांच पत्नी पर लगाए व्यभिचार के आरोपों को साबित करने के लिए मांगी थी. हाईकोर्ट ने कहा कि इस मामले में कुटुम्ब न्यायालय द्वारा डीएनए जांच का आदेश देना उचित है. रिकार्ड पर स्पष्ट रूप से कोई संपर्क न होने की दलील मौजूद है. जिस कारण मामला डीएनए टेस्ट के लिए उपयुक्त है व कुटुम्ब न्यायालय ने बच्ची का डीएनए टेस्ट कराने का आदेश देकर कोई त्रुटि नहीं की है.

### जमानत अर्जी निरस्त

**पन्ना.** जिले के बहुचर्चित आदिवासी महिलाओं की जमीन धोखाधड़ी कर हड़पने वाले कांग्रेस नेता श्रीकांत उर्फ पप्पू दीक्षित एवं उनके सहयोगी अधिवक्ता रामलखन त्रिपाठी की जमानत अर्जी जिला न्यायाधीश द्वारा निरस्त कर दी गई है. साथ ही अधिवक्ता रामलखन त्रिपाठी के पुत्र अनुपम त्रिपाठी की अग्रिम जमानत याचिका भी निरस्त हो गई है. लगातार उनकी मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. अधिवक्ताओं ने भी जिला प्रशासन एवं जिला न्यायालय को ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ता रामलखन त्रिपाठी को जमानत देने का अनुरोध किया गया था लेकिन अपराध गम्भीर होने के कारण उसे भी अमान्य कर दिया गया था. श्रीकांत दीक्षित की जमानत याचिका में अनुरोध किया गया, उसकी हार्ट की सर्जरी हुई है.

# ईयू ने भारत से रक्षा समझौते को दी मंजूरी

**अगले हफ्ते दिल्ली में डील होगी**

**ब्रुसेल्स, 22 जनवरी. यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने भारत के साथ नए रक्षा समझौते (सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट) को मंजूरी दे दी है. अगले हफ्ते नई दिल्ली में होने वाले भारत-ईयू शिखर सम्मेलन में इस पर साइन होंगे.**

ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने यूरोपीय संसद में इसकी जानकारी दी. उन्होंने कहा यह साझेदारी एक बड़े रणनीतिक एजेंडे का हिस्सा होगी. इस एजेंडे में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट यानी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए), डिफेंस एंड सिक्योरिटी डील, साइबर



सिक्योरिटी, समद्री सुरक्षा और काउंटर टेररिज्म शामिल है.

यूरोपियन काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा और यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन भारत आ रहे हैं. वे 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे. भारत-ईयू शिखर सम्मेलन अगले दिन 27 जनवरी को होगा. कलास ने बताया कि भारत और ईयू के बीच सिक्योरिटी और डिफेंस एग्रीमेंट से आतंकवाद के खिलाफ लड़ने में मदद मिलेगी. उन्होंने कहा कि इससे समुद्री सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी जैसे सेक्टर्स में सहयोग बढ़ेगा. यूरोप भारत के साथ एक नए और मजबूत एजेंडे पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है. उन्होंने कहा कि भारत, यूरोप की आर्थिक मजबूती के लिए बहुत जरूरी होता जा रहा है. भारत आ रहे ईयू के प्रतिनिधिमंडल में लगभग 90 सदस्य शामिल होंगे. इनमें काजा कलास, ट्रेड कमिश्नर मारोस सेफकोविक और कई डायरेक्टर्स रहेंगे.

# जनगणना के प्रथम चरण में पूछे जाएंगे 33 सवाल

**सरकार ने जारी की प्रश्नावली की अधिसूचना**

**नई दिल्ली, 22 जनवरी. भारत सरकार ने अगले साल 2027 में होने वाली जनगणना के लिए प्रथम चरण के प्रश्नावली की अधिसूचना जारी कर दी है. द्वितीय चरण अर्थात जनसंख्या गणना की प्रश्नावली यथासमय अधिसूचित की जाएगी.**

पहले चरण की जनगणना में मकानसूचीकरण और मकानों की गणना से संबंधित सवाल पूछे जाएंगे. अधिसूचना में कहा गया है कि मकान सूची करण और मकानों की गणना की जानकारी एकत्र करने के लिए सभी व्यक्तियों से इस प्रकार के प्रश्न पूछें जाएंगे- जैसे भवन नंबर (नगर या स्थानीय प्राधिकरण अथवा जनगणना नंबर), जनगणना मकान नंबर, मकान के फर्श में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री, मकान के दीवार में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री, मकान की छत में प्रयुक्त प्रमुख सामग्री, मकान के उपयोग, मकान की हालत, परिवार क्रमांक, परिवार में सामान्यत: रहने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या, परिवार के मुखिया का नाम, परिवार के मुखिया का लिंग, क्या परिवार का मुखिया अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य से संबंधित है.

## एक नजर में



### सतलापुर में निकाली राम बारात

**मंडीदीप, 22 जनवरी.** मंडीदीप के उपनगर सतलापुर के मेन चौराहा पर गुरुवार को भगवान श्री राम जी की बीजेपी जिला मंत्री सुशील शर्मा और गोल्डी यादव पार्षद समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आरती उतारी एवं पूजा अर्चना की . इसके बाद हनुमान जी, मां काली, राधा कृष्ण शंकर पार्वती की भोपाल के कलाकार द्वारा सतलापुर के प्रमुख मार्ग ,शुक्रवार बाजार, हाउसिंग बोर्ड कालोनी समेत प्रमुख मार्गो से झांकी निकाली गई. इसमें मुख्य रूप से आयोजन समिति के कमलेश गौर, दीपक विश्वकर्मा, जितेंद्र मालवीय, प्रदीप चौहान, गोविंद साहू, जितेंद्र सोनी क्षेत्रपाल सिंह आदि शामिल रहे.

### आज दशहरा मैदान में हिंदू सम्मेलन, तैयारी पूरी



**मंडीदीप, 22 जनवरी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को दशहरा मैदान सकल हिन्दू समाज के नेतृत्व में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. इस दौरान संगठित हिन्दू समरसता का आह्वान किया जाएगा . नगर के अलग अलग वार्ड से करीब 50000 हिन्दू समाज लोगों के एकत्रित होने की संभावना है, जिसको लेकर संगठन द्वारा दशहरे मैदान में तैयारी पूरी कर ली गई है. कार्यक्रम मुख्य रूप से दोपहर एक बजे से शुरू होगा जिसमें समाज के कई हिन्दू संगठन, जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, राष्ट्रीय बजरंग दल, संस्कृति बचाओ मंच, जैसे कई विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे और कार्यक्रम उपरांत भोजन प्रसादी की व्यवस्था रहेगी.

**पुलिस की जगह जगह रहेगी निगरानी** : कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा कार्यक्रम स्थल के गुरुवार को जायजा लिया गया जिसमें एसडीएम, एसडीओपी शीला सुराणा, सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने उपस्थित रहे जहां अधिकारियों द्वारा ट्रैफिक व्यवस्था और साफ सफाई के लिए निर्देश दिए गए.

# उज्जैन के तराना में हिंसक झड़प, 11 बसों को तोड़ा

**विश्व हिंदू परिषद के प्रचारक समेत दो घायल**

**उज्जैन, 22 जनवरी.** तराना कस्बे में गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे दो पक्षों में विवाद हो गया. उपद्रवियों ने बस स्टैंड पर खड़ी 11 बसों में तोड़फोड़ कर दी. हालात बिगड़ते देख पुलिस प्रशासन को बड़ी संख्या में बल तैनात करना पड़ा.

विवाद की शुरुआत उस समय हुई, जब एक पक्ष के लोगों ने विश्व हिंदू परिषद के एक प्रचारक और उसके एक साथी के साथ मारपीट कर दी. हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों को तत्काल तराना अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी हालत को देखते हुए उज्जैन रेफर कर दिया गया. मारपीट की सूचना फैलते ही हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में इकट्ठा हो गए और तराना थाने का घेराव कर प्रदर्शन शुरू कर दिया. प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की. स्थिति के और बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने अतिरिक्त बल बुलाया और इलाके में गश्त बढ़ा दी. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, शाम को कुछ उपद्रवियों ने बस स्टैंड पर खड़ी बसों पर पत्थर और लाठी-डंडों से हमला कर दिया.



## सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली हेलमेट जागरुकता रैली

**इंदौर, 22 जनवरी.** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता के तहत यातायात पुलिस ने हेलमेट जागरूकता रैली का आयोजन किया. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की.

### भारत में प्रदूषण से हर साल 17 लाख मौतें

**नई दिल्ली, 22 जनवरी.** हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर गीता गोपीनाथ ने कहा कि वर्ल्ड बैंक की 2022 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर साल करीब 17 लाख लोगों की मौत प्रदूषण के कारण होती है. यह देश में होने वाली कुल मौतों का लगभग 18 प्रतिशत है. उन्होंने दावोस में भारतीय मीडिया से बात करते हुए पॉल्यूशन को भारत के लिए टैरिफ से ज्यादा बड़ा खतरा बताया है. गीता यहां वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की मीटिंग में शामिल होने पहुंची थीं. उन्होंने कहा कि जब नए कारोबार और आर्थिक विकास की बात होती है, तो चर्चा ज्यादातर व्यापार, टैरिफ और नियमों तक सीमित रहती है.

### मैहर में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह अलाउद्दीन स्टेडियम में

**मैहर.** मैहर जिले में गणतंत्र दिवस समारोह का जिला स्तरीय कार्यक्रम उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम मैहर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्यमंत्री तथा मैहर जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह 26 जनवरी को प्रात: 9 बजे राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगी और परेड की सलामी लेंगी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का वाचन करेंगी। कलेक्टर रानी बाटड और पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर गणतंत्र दिवस समारोह आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की.

# नायब तहसीलदार से विवाद करना पड़ा भारी, आरोपी पहुंचा जेल

**आरोपी कर रहे थे रेत की चोरी, 24 घंटे में गिरफ्तार**

**सिंगरौली 22 जनवरी. थाना सरई पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं नायब तहसीलदार व अन्य राजस्व अमले से मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने वाले दो आदतन आरोपियों को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया.**


यह कार्रवाई एसपी मनीष खत्री एवं एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा के निर्देशन तथा एसडीओपी देवसर गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में की गई. जानकारी के अनुसार 21 जनवरी की रात अवैध रेत परिवहन की सूचना पर नायब तहसीलदार सरई अमित कुमार मिश्रा अपने स्टाफ पटवारी विवेक मिश्रा, प्रविंद वैश्य सहित अन्य सहयोगियों के साथ ग्राम घिरौली-गजराबहरा क्षेत्र में जांच के लिए पहुंचे थे. इस दौरान ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 66 ए 0951 में अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए जाने पर राजस्व टीम ने वाहन को जप्त कर लिया. वाहन जप्ती के बाद वापस लौटते समय ग्राम गजराबहरा निवासी धनेश उर्फ दादन गुप्ता एवं विवेक गुप्ता ने रास्ता रोककर ट्रैक्टर छुड़ाने का प्रयास किया. आरोपियों द्वारा राजस्व अमले के साथ छीना-झपटी, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई.

# भारत के हर कण में धर्म है : मोहन भागवत

**छोटी खाटू के दौरे पर रहे आरएसएस प्रमुख**

**डीडवाना, 22 जनवरी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत गुरुवार को राजस्थान के डीडवाना जिले के छोटी खाटू के दौरे पर रहे.**

इस दौरान उन्होंने जैन श्वेतांबर तेरापंथ के 162वें मर्यादा महोत्सव में शिरकत की. इस मौके पर उन्होंने आचार्य महाश्रमण का आशीर्वाद लिया और जैन समाज के साथ ही आरएसएस के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. अपने संबोधन में मोहन भागवत ने कहा कि भारत के मूल में ही धर्म है. भारत धर्म को ना केवल जानता है बल्कि उसे जीता भी है. भारत के हर कण में धर्म है.



भारत की मूल भावना ही धर्म आधारित है. भारत में संयम, संतुलन अनुशासन व व्यवहार धर्म का तत्व है. यही धर्म का मूल भी है. विश्व में भी धर्म सबको लेकर चलता है. धर्म साथ चलाता है और उन्नत करता है. इतिहास गवाह है कि हमारे देश ने कभी भी किसी अन्य देश पर हमला नहीं किया. सभी से हमारा मैत्री व्यवहार रहा है.

भागवत ने कहा कि हम खेती में कीटों को केवल नियंत्रित करते हैं, उनका विनाश नहीं करते, बल्कि हम संतुलन बनाते हैं. संयम, संतुलन अनुशासन व व्यवहार को आचरण में उतारते हैं. उन्होंने कहा कि भारत के लोग दिखते अलग-अलग है, लेकिन मूल में सब एक ही है. यहां सब अपने हैं. समानता का भाव से ही जीवन में अपने आप मर्यादा आती है. आचार्य महाश्रमण में कहा कि भारत अहिंसा का देश है. भारत के साधु संत भी अहिंसा का ज्ञान देते हैं. हमारे देश की नीति भी अहिंसा पर ही आधारित है.

लेकिन देश की सुरक्षा की जब बात हो तो हमें मजबूरी में शस्त्र भी उठाना पड़ता है.

**बैठक** विधायक रामनिवास शाह ने रखे 21 अहम प्रस्ताव

# विकास को लेकर पटना में गूंजी सिंगरौली की आवाज

**सिंगरौली 22 जनवरी. पूर्व मध्य रेल क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की द्वितीय बैठक बिहार प्रांत की राजधानी पटना स्थित दरबार हॉल, होटल चाणक्य में आयोजित की गई.**

इस महत्वपूर्ण बैठक में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने भाग लेकर जिले के रेल विकास से जुड़े 21 अहम बिंदुओं को मजबूती के साथ समिति के समक्ष रखा. बैठक के दौरान विधायक रामनिवास शाह ने सिंगरौली को रेल मंडल बनाए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया. उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व रेल मंत्री स्व. रामविलास



पासवान द्वारा सिंगरौली में रेल मंडल कार्यालय के लिए शिलान्यास किया गया था, जिसे अब मूर्त रूप देने की आवश्यकता है. विधायक ने कहा कि सिंगरौली ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ औद्योगिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है, इसलिए यहां रेल अधोसंरचना का विस्तार अनिवार्य है. कॉलोनी में सामुदायिक भवन एवं सड़क निर्माण, आवासीय कॉलोनी व शौचालयों की मरम्मत जैसे नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रस्ताव भी समिति के समक्ष रखे.

विधायक ने सिंगरौली-भोपाल, सिंगरौली-निजामुद्दीन, सिंगरौली-टनकपुर, हावड़ा-भोपाल तथा धनबाद-लोकमान्य टर्मिनल ट्रेनों को नियमित करने एवं कुछ ट्रेनों के सिंगरौली तक विस्तार की मांग रखी. साथ ही पटना-भोपाल राजधानी एक्सप्रेस को सिंगरौली-जबलपुर मार्ग से प्रतिदिन चलाने, सिंगरौली-जबलपुर-भोपाल के लिए नई वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने का सुझाव दिया.

# सम्यक ज्ञान से ही जीवन में शांति संभव : मुनिश्री

**पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में निर्वेगसागर मुनिराज के प्रवचन**

**मंडीदीप, 22 जनवरी. औद्योगिक नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के संतनिवास में मुनि निर्वेगसागर मुनिराज ने कहा कि आज अधिकतर लोग अशुद्ध ज्ञान के आधार पर जीवन चला रहे हैं.**

जब तक आत्मा और कर्म का संयोग बना रहता है, तब तक विवाद और अशांति बनी रहती है. जैसे ही कर्म का आवरण हटता है, विवाद समाप्त हो जाता है. मुनिश्री ने कहा कि व्यक्ति सांसारिक सम्मान के लिए जीवन भर प्रयास करता है, लेकिन आत्मकल्याण के लिए समय नहीं निकालता. भावों को निर्मल बनाकर आत्मा से आत्मा की



ओर बढ़ना ही सच्चा पुरुषार्थ है. आत्मकल्याण की अमूल्य निधि सहज रूप से मिल रही है, लेकिन उसका महत्व नहीं समझते. धर्म में रुचि नहीं होगी तो आत्मा का कल्याण संभव नहीं. उन्होंने कहा कि पूर्व जन्म के पुण्य से ही संतों का सानिध्य मिल रहा है. दिगंबर संतों के प्रति श्रद्धा और उपकार का भाव रखना चाहिए. भावों में शुद्धता जरूरी है. भाव परिवर्तन नहीं हुआ तो तपस्या का कोई फल नहीं मिलेगा. चाहे कितने भी उपवास कर लें, यदि भाव शुद्ध नहीं हुए तो लाभ नहीं होगा. परिस्थिति कैसी भी हो, भावों को बिगड़ने न दें. गुरु को हृदय में उतारना होगा. आत्मकल्याण की भावना को कषायों से बचाना जरूरी है. परमात्मा बनने के लिए भावों की निर्मलता जरूरी है. इससे पूर्व मुनिसंघ भोपाल से विहार करते हुए मण्डीदीप पहुंचा. मुनि सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को पुज्य मुनिसंघ की अगवानी प्रथम ढाबे से की गई, जहां से मुनिसंघ विहार करते हुए श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचे.

### ब्यूटी पार्लर में बिगड़ा मॉडल का चेहरा, फोरम ने लगाया जुर्माना

**ग्वालियर, 22 जनवरी.** ब्यूटीपॉर्लर की लापरवाही से मॉडल प्रज्ञा शुक्ला का चेहरा बिगड़ गया. वह वैक्स कराने के लिये नयी सड़क स्थित कायाकल्प ब्यूटी पॉर्लर एंड मेकअप स्टूडियो पहुंची थी. उपभोक्ता फोरम ने ब्यूटी पार्लर की प्रोपराइटर सुनीता पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया. 2 हजार रुपए कोर्ट खर्च चुकाने का भी आदेश दिया है. आरोप है कि पार्लर के स्टाफ ने केमीकल की अधिक मात्रा मिलाकर वैक्स चेहरे पर लगा दिया. हड़बड़ी में कुछ केमीकल चेहरे पर गिर भी गया. जिससे तेज जलन के साथ असहनीय दर्द होने होने लगा.